राशन कार्ड भी मिल गया, आयुष्मान कार्ड भी बन गया एक साथ दोनो हो गया

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत वार्डो में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगातार जारी है। जिसमें प्रमुख रूप से नागरिको के समस्याओ का समाधान राशन कार्ड वितरण, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाना, सड़को की मरम्मत करना, साफ–सफाई करना, स्ट्रीट लाईट लगाना, मोर मकान मोर आस का फार्म मिल जाना इस प्रकार के समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा है। जोन–04 दर्री तालाब सामुदायिक भवन शिविर में 56 वर्षीय तुलसिया बाई ने बताया मुझे उम्मीद नहीं थी। राशन कार्ड लेने आई थी, वह तो मिला ही, आयुष्मान कार्ड भी बन गया साथ में मॉ के नाम एक बेल का पौधा भी लगाने को मिला। इसी काम के लिए हमे नगर निगम आफिस में बाबू के पास जाना पड़ता था। डॉ को दिखा के दवाई भी मिल गया। सब काम एक ही जगह हो गया। यह शिविर हमारे लिए बहुत लाभदायक है। सरकार को बहुत–बहुत धन्यवाद। जोन–02 बाजार चौक कुरूद वार्ड 21 व 22 में स्थानीय निवासियो द्वारा शिविर का भरपुर लाभ लिया गया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अपील की है कि इस शिविर में नागरिको की सभी प्रकार के समस्याओ का समाधान किया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाये। शिविर में सभी प्रकार के आवेदन लिये जा रहे है। जिसका निराकरण शीध्र होने लायक है, वह किया जा रहा है बाकी का निराकरण करके आप सबको सूचना दी जायेगी। एक ही जगह एक ही छत के निचे सभी अधिकारी मिल जायेगे, इधर उधर जाना नहीं पड़ेगा। अधिकारियो को भी निर्देशित किये अधिकतम समस्याओ का समाधान त्वरित रूप से करने का प्रयास किया जाये। आगामी शिविर शुक्रवार को सभी जोन के निर्धारित वार्डो में आयोजित होगा।